दिनांकः 06.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य के लिए जल संरक्षण प्रयासों में लोगों की भागीदारी पर जोर दिया है।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– राज्य सरकार गौवंश संरक्षण और गौपालकों की सहायता के लिए लगातार अहम निर्णय ले रही है।

- प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का दौर–बीसलपुर बांध के चार गेट खोले गये–जयपुर, दौसा, टोंक, करौली, झुन्झुनू और सवाईमाधोपुर के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी।

और

- ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिये मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा करेगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जल संरक्षण प्रयासों में लोगों की भागीदारी पर जोर दिया है। आज वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से गुजरात के सूरत में जल संचय जनभागीदारी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब मूल्यांकन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा दृष्टिकोण उनका पहला मापदंड होगा।

.....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमेशा से भारत की सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने सूरत में राज्यव्यापी **'जल संचय जन भागीदारी'** पहल की शुरुआत की।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गौमाता का सनातन संस्कृति में हमेशा से सर्वोच्च स्थान रहा है। गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि और आयुर्वेद का आधार और पर्यावरण संरक्षक माना गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए लगातार अहम निर्णय ले रही है जिससे गौवंश का संरक्षण और संवर्द्धन सुनिश्चित हो सके। श्री शर्मा आज शाहपुरा के कोटड़ी में श्री सुरभि गौ–चिकित्सालय, गौ गृह और आईटीआई भवन के उद्घाटन और सामुदायिक भवन और किसान प्रशिक्षण सभागार के विस्तार कार्य के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठा रही है।

---

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र तथा बजट में किए गए सभी वादों को धरातल पर उतारने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संकल्प पत्र में किए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपरलीक प्रकरणों में एसआईटी द्वारा अब तक 115 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन प्रकरणों में छोटी मछलियां ही नहीं मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने हा कि युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करने वाले किसी भी अपराधी को नहीं बख्शा जाएगा।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व बहुत विराट और विश्व वंदनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बजट घोषणा में प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। टूरिस्ट सर्किट में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय लोगों के सुझावों का समावेश करते हुए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें धरोहर को मूल स्वरूप में संरक्षित रखते हुए पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री आज उदयपुर में महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को लेकर हितधारकों के सुझाव प्राप्त करने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि टूरिस्ट सर्किट में यथासंभव महाराणा प्रताप से जुड़े सभी प्रमुख स्थलों को शामिल किया जाएगा। इसमें प्रयास रहेगा कि उन स्थलों पर अवस्थित ऐतिहासिक धरोहरों को यथावत रखते हुए उन्हें संरक्षित कर साफ–सफाई, सुरक्षा, लाइटिंग, ऑडियो गाईड, साउण्ड, पर्यटकों के लिए सुविधाएं, पेयजल, बैठक की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने धरोहर से छेड़छाड़ न करने और उसे मूल स्वरूप में ही संरक्षित करने के साथ–साथ धरोहर के प्रचार–प्रसार, सोशल मीडिया पर प्रमोशन तथा उसकी मार्केटिंग पर ध्यान देने पर जोर दिया ताकि अधिकाधिक पर्यटक इनकी ओर आकर्षित हों।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने आज राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान बोर्ड की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

---------------

प्रदेश के कई जिलों में आज भी तेज बारिश हुई है। अजमेर में सुबह नौ बजे से हुई बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भर गया । टोंक जिला मुख्यालय पर आज दोपहर बाद तेज बरसात हुई जिसके करण जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। जिले के बीसलपुर बांध पूरा भर गया है । आज बांध के चार गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद गेट खोले।

हनुमानगढ में हर रोज अच्छी बारिश हो रही है। जोधपुर में कई भागों में आज भी बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के चलते जिले के बिलाड़ा स्थित जसवंत सागर बांध में पानी की आवक जारी है। भीलवाड़ा जिले में आज भी दिन भर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा जिसके कारण आम जन जीवन प्रभावित रहा । बीते 24 घंटे में भीलवाड़ा जिले के कुछ इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई है।

राजसमंद जिले के भीम और देवगढ़ में मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। क्षेत्र में सड़कें दरिया बन गई हैं। वहीं कामलीघाट के पास तेज बहाव से कार बरसाती नाले में गिर गई। पुलिस और ग्रामीण ने कार में फंसे चारों लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।

पाली, बांसवाड़ा में बारिश का दौर दिनभर रहा। वहीं सवाईमाधोपुर में शाम को बरसात हुई। पोकरण में आज आधा घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश भागों में आगामी 3–4 दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक ने बताया कि उदयपुर, अजमेर, जयपुर संभाग में इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। जयपुर, दौसा, करौली, टोंक, झुन्झुनू और सवाईमाधोपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

-----------------

000

दिसंबर में जयपुर में होने वाले ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा करेगा।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा और उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेगा।

यह प्रतिनिधिमंडल टोकियो में होने वालों में नीमराणा दिवस’ समारोह में भी भाग लेगा। नीमराणा में जापानी औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें कई जापानी कंपनियां काम कर रही हैं। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, और प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा तथा रीको और बीआईपी के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

000

कल गणेश चतुर्थी है। इस मौके पर गणेश मन्दिरों में 10 दिन तक चलने वाले विशेष अनुष्ठान शुरू होगें। गणेश मन्दिरों में आकर्षक सजावट की गई है। साथ ही झांकियां भी सजाई गई है। प्रमुख गणेश मन्दिरों में मेले भी भर रहे हैं। सवाईमाधोपुर में प्राचीन त्रिनेत्र गणेश मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मन्दिर में आज से तीन दिन का मेला शुरू हुआ।

...............

गणेश चतुर्थी पर घरों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसे देखते हुए लोग गणेश जी की मूर्ति खरीदने बाजारों में पहुंच रहे हैं।

डूंगरपुर में एक पर्यावरण प्रेमी कलाकार ने मिट्टी और गाय के गोबर से गणेश प्रतिमाएं बनाई हैं जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। मिट्टी, दूध, गोबर और गौमूत्र से बनी ये प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं है। इन प्रतिमाओं के जलाशय से विसर्जन से पानी और जलीय जीवों को भी कोई नुकसान नहीं होगा। उधर पाली में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिये वॉटर प्रूफ पांडाल बनाये गये हैं।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गणेश चतुर्थी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्य है। वे सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और मंगल करने वाले हैं। उन्होंने गणेश चतुर्थी उमंग और उत्साह से मनाने के साथ गणेशोत्सव पर भगवान गणेश से देश– प्रदेश की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की है।

000

प्रदेश के किसान खेती की विदेशी तकनीक सीखने के लिए विदेश में भ्रमण करने जाएंगे। नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत होने वाले भ्रमण के लिए प्रदेश के दस कृषि संभागों से किसानों का चयन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिये चयनित किसान का एफपीओ का सदस्य होना जरूरी है और उसकी आयु 50 साल से कम होनी चाहिए। साथ ही उसके पास पासपोर्ट भी होना चाहिए। किसान के लिये ये भी अनिवार्य है कि वह पिछले दस साल से अपने नाम एक हैक्टेयर भूमि में खेती कर रहा हो। भ्रमण के दौरान किसान कम भूमि और कम पानी में पॉलीहाउस और ऑफ सीजन में बेहतर खेती और पशुपालन करने के तरीके सीखेंगे।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा इकाई ने आज बारां के रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी दिनेश चौबे को आकस्मिक चैकिंग के दौरान 1 लाख 76 हजार रूपये की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो को इस बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध राशि के बारे में पूछने पर दिनेश चौबे ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

इस पर धनराशि को जब्त कर लिया गया। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

000

जैसलमेर के रुणेचा गांव स्थित लोक देवता बाबा रामदेव मंदिर के प्रसाद को अब श्रद्धालु देश में कहीं भी घर बैठे मंगवा सकेंगे। रामदेवरा प्रदेश का पहला मंदिर होगा, जिसका प्रसाद डाकघर के जरिए घर–घर पहुंचेगा। सहायक निदेशक डाक सेवाएं तरुण कुमार शर्मा ने बताया, डाक सेवा द्वारा बाबा रामदेव का प्रसाद घर बैठे मंगवाने के लिए एक फॉर्म भरना होगा।

000

केंद्र सरकार ने कपड़ा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए चौदह सौ करोड़ रुपये और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन–पीएलआई के लिए दस हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। आज नई दिल्ली में विकसित भारत–तकनीकी कपड़ा विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में उन्नति पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस, रक्षा, स्वच्छता, कृषि जैसे क्षेत्रों में तकनीकी वस्त्रों की मांग में वृद्धि हुई है। श्री सिंह ने बताया कि सरकार ने विभिन्न नवाचारों के लिए छात्रों को 50 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। उन्होंने कहा कि पीएलआई के तहत 40 से अधिक उद्योग काम कर रहे हैं और यह 2030 तक रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण घटक रहेगा।

000